तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 17 अप्रैल 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



4 नगर में बढ़ने लगी पेट्रोल-डीजल एवं गैस की किल्लत




## खबर संक्षेप

### नगर की छात्राओं ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में हासिल की प्रथम स्थान





**सीतापुर।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा द्वारा जारी दसवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में नगर की छात्राओं ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। वर्ल्ड एकेडमी स्कूल बेमेतरा में कक्षा 10वी में अध्ययनरत सीतापुर निवासी दिशा अग्रवाल आ. अजय अग्रवाल ने 98 प्रतिशत तो वहीं प्रतापगढ़ निवासी पीहू गोयल आ. आशीष गोयल ने 97.8 प्रतिशत अंक हासिल किया है।प्रारंभ से ही मेधावी रही दोनों छात्राओं ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए नगर का नाम रोशन किया है।

### समीर उद्दीन ने 90.6 प्रतिशत अंक हासिल कर बढ़ाया क्षेत्र का मान



**लखनपुर।** लखनपुर नगर पंचायत के छात्र समीर उद्दीन ने 90.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। समीर उद्दीन ओरिएंटल पब्लिक स्कूल के छात्र हैं और इस सफलता से लखनपुर में खुशी का माहौल है। समीर उद्दीन के पिता समीम खान लखनपुर के पार्षद हैं। बेटे की इस उपलब्धि से परिवार में गर्व और उत्साह का वातावरण है। समीर की पढ़ाई के प्रति रुचि को देखते हुए 9वीं कक्षा में उनका दाखिला अंबिकापुर के ओरिएंटल पब्लिक स्कूल में कराया। समीर रोजाना लखनपुर से लगभग 25 किलोमीटर की दूरी तय कर स्कूल आते-जाते थे, जो उनकी मेहनत और लगन को दर्शाता है।

### मोन्टफोर्ट स्कूल के छात्रों ने मारी बाजी





**अम्बिकापुर।** सरगवां स्थित मोन्टफोर्ट स्कूल के छात्रों ने 10वीं बोर्ड परीक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। स्कूल के छात्र समर्थ बराडे ने 97 प्रतिशत अंक हासिल कर संभाग में टाप टेन में स्थान बनाया। स्कूल की ही सृष्टी चौधरी ने 95.2 प्रतिशत, स्नेहा टोप्पो 94 प्रतिशत, अनिरूद्ध झा 93 प्रतिशत हासिल किए। वहीं स्कूल के 25 मेघावी छात्र है जिन्होंने 70 से 95 प्रतिशत तक अंक हासिल कर जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संस्था के प्राचार्य ब्रदर एस गैबियल ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई देते हुए उनके बेहतर भविष्य की कामना की है।

### 20 अप्रैल से प्रदेश के सभी स्कूलों में अवकाश घोषित

**अम्बिकापुर।** भीषण गर्मी को देखते हुए प्रदेश सरकार ने सभी शासकीय व अशासकीय स्कूलों में आगामी 20 अप्रैल से अवकाश की घोषणा की है। अब प्रदेश की स्कूलें 15 जून से खुलेंगी। राज्य शासन ने इस संबंध में आज आदेश भी जारी कर दिया है। प्रदेश में भारी गर्मी पर लू के हालत को देखते हुए राज्य सरकार ने प्रदेश के सभी स्कूलों में 20 अप्रैल से छुट्टी देने का निर्णय लिया है। यह अवकाश केवल छात्र-छात्राओं के लिए होगा ना कि शिक्षकों के लिए पिछले कुछ दिनों से प्रदेश में अचानक बढ़े तापमान के बाद स्कूली छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ने की खबरें लगातार मिल रही थी। प्रदेश सरकार ने भीषण गर्मी को देखते हुए स्कूलों को 20 अप्रैल से ही बंद करने का निर्णय लिया है। पूर्व में शासन द्वारा 1 मई से 15 जून तक स्कूलों में अवकाश देने का निर्णय लिया था किन्तु अचानक बढ़ी गर्मी के बाद राज्य सरकार ने अपने ही आदेश को संशोधित करते हुए स्कूलों की छुट्टी 20 अप्रैल से करने का निर्णय लिया है।

## वन विभाग को नहीं उठाने दिया शव, पूरी रात जंगल में की रखवाली

# हाथी के कुचलने से युवक की मौत ग्रामीणों ने बनारस मार्ग पर किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

जिले के लटोरी तहसील अंतर्गत ग्राम कल्याणपुर के कोटबहरा में बुधवार शाम दल से बिछड़े एक हाथी के हमले में युवक की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस और वन विभाग को मौके से शव उठाने नहीं दिया और पूरी रात जंगल में ही शव की रखवाली करते रहे।

अगले दिन गुरुवार की सुबह जब पुलिस व वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची तो ग्रामीणों ने शव उठाने से इनकार कर दिया। कई दौर की बातचीत के बाद भी सहमति नहीं बन पाई, जिसके बाद ग्रामीण शव को लेकर अंबिकापुर–बनारस मार्ग स्थित कल्याणपुर चौक पहुंचे और बीच सड़क पर शव रखकर चक्का जाम कर दिया। चिलचिलाती धूप में करीब सवा घंटे तक चले इस प्रदर्शन से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए एसडीएम सूरजपुर शिवानी जायसवाल, एसडीओ वन अशोक तिवारी, एसडीओपी अभिषेक पैकरा और लटोरी तहसीलदार सुरेंद्र साय पैकरा सहित वन अमले के अधिकारी सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर बुला ली गई।प्रदर्शनकारियों से कई दौर की बातचीत के बाद अधिकारियों द्वारा मृतक के परिजन को तत्काल 50 हजार रुपये की सहायता राशि दिलाने, शासन से प्राप्त होने वाली अन्य मुआवजा राशि दिलाने की प्रक्रिया तत्काल शुरू करने तथा मृतक की पत्नी को लटोरी डिपो में अस्थायी रोजगार देने का आश्वासन दिया गया। इसके बाद ग्रामीणों ने प्रदर्शन समाप्त किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।



प्रदर्शनकारियों को समझाइश देते अधिकारी।

### वन अमले पर लग रहे लापरवाही के आरोप

ग्रामीणों ने वन विभाग और हाथी मित्र दल पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि हाथी की लोकेशन की जानकारी समय पर स्थानीय ग्रामीणों को नहीं दी जाती, जिससे ऐसी घटनाएं हो रही हैं। साथ ही, हाथी द्वारा पिछले 40 दिनों में फसलों और संपत्ति को हुए नुकसान का अब तक आकलन नहीं किया गया है। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने मृतक के परिजनों को एक करोड़ रुपये मुआवजा और पत्नी को स्थायी नौकरी देने की मांग की है। इस दौरान भटगांव के पूर्व विधायक पारस नाथ राजवाड़े,कांग्रेस नेत्री लिली राजवाड़े, भगवती राजवाड़े, वेद प्रकाश मिश्रा, जिला पंचायत सदस्य किरण केराम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और प्रशासनिक अधिकारी इस दौरान मौजूद रहे।

### करीब डेढ़ महीने से क्षेत्र में घूम रहा था हाथी

ग्रामीणों के अनुसार, उक्त हाथी पिछले करीब 40 दिनों से दल से बिछड़कर कोटबहरा और आसपास के क्षेत्रों में घूम रहा था। प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक केशव भोई (पिता साधु भोई), निवासी कोटबहरा, मजदूरी का काम करता था। बुधवार शाम वह बाइक से उसके साथ कार्य करने वाली महिला को छोड़ने उसके घर जा रहा था, तभी जंगल में अचानक हाथी से आमना-सामना हो गया। बचने की कोशिश में हाथी ने उसे पकड़कर कुचल दिया। बाइक में सवार महिला किसी तरह जान बचाकर भाग निकली, हालांकि वह भी तार की फेंसिंग में फंसकर घायल हो गई।घटना में हांथी मृतक के बाइक को भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है।

### घाघीटिकरा में भी हाथी ने ग्रामीण को कुचला

बताया गया कि घटना के दूसरे दिन गुरुवार को दोपहर बाद इसी हाथी ने 45 वर्षीय युवक सोहन सिंह पिता जगरनाथ सिंह की कुचल कर हत्या कर दी।दो दिन के भीतर हांथी के हमले से दूसरी मौत से ग्रामीण दहशत में है,लोगों ने अविलंब हाई मास्ट,लाइट,सोलर फेंसिंग सहित हाथियों से बचाव के लिए आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने,हाथी को दूर खदेड़ने की मांग की है।



## मदननगर में खदान खुलने पर ग्रामीणों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

मदन नगर में खदान खुलने के विरोध में ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीण हाथ में तीर धनुष टांगी, तबबल, गुलेल व हथियार लेकर खदान खोलने के विरोध में जमकर नारेबाजी की। ग्रामीण गांव के मुख्य सीमा एवं गांव के घुसते हुए सड़क पर रात दिन कई दिनों से डटे हुए हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि आदिवासी ग्रामीण किसानों का जमीन सरकार गलत नीति से हड़पना चाहती है। ऐसे में गांव वालों का जान भी चला जाएगा तो इसके लिए डटकर शासन प्रशासन से मुकाबला करेंगे। आक्रोशित ग्रामीणों ने एक साथ कहा कि किसी भी कीमत में अपने जमीन को कोयला खदान के लिए नहीं देंगे। इस मामले का वीडियो सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है।गांव के सरपंच सहित तमाम महिला पुरुष बच्चे हाथों में हथियार लेकर उग्र प्रदर्शन कर रहे हैं और किसी भी एसईसीएल के कर्मचारी अधिकारी एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को घुसने नहीं दिया जा रहा है। मदन नगर के एवं आसपास गांव के हजारों ग्रामीणों का कहना है कि अपनी जमीन को नहीं देंगे इसके लिए उनको जान गंवानी पड़े। बताया जा रहा है कि कई दिनों से निरंतर रात दिन जाग कर बारी-बारी से ग्रामीण अपने गांव की रक्षा कर रहे हैं।

- तीर धनुष व टांगी–तबल लेकर किया विरोध प्रदर्शन

## सड़क किनारे खड़े कंडम वाहन होंगे जब्त, ननि करेगा नीलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नगर निगम ने लम्बे समय से सड़क किनारे खड़े कंडम वाहनों को जब्त कर नीलाम करने का निर्णय लिया है। ऐसे वाहन यातायात के लिए चुनौती साबित होने के साथ ही आए दिन दुर्घटनाओं के कारण बन रहे हैं।

सड़कों के किनारे वाहनों को लापरवाहीपूर्वक खड़ा करना लोगों का शौक बन गया है। बड़ी संख्या में लोग अपनी कंडम वाहनों को सड़क किनारे खड़ा करने के बाद इसकी मरम्मत कराना भूल गए है। पिछले दिनों शहर के व्यापारियों ने इस समस्या के प्रति ननि प्रशासन का ध्यान आकृष्ट किया। लम्बे समय से सड़क किनारे खड़े इन कंडम वाहनों के कारण आवागमन में परेशानी हो रही है तथा ऐसे वाहन दुर्घटना के कारण बन रहे है। हाल ही में अम्बिकापुर-बिलासपुर मार्ग में खड़े एक कंडम ट्रक की चपेट में आने से दो बाइक सवारों की मौत हो गई थी। ननि अमले ने ऐसे कंडम वाहनों की जानकारी जुटानी चाही तो इनके संबंध में कोई जानकारी नहीं मिली। अंततः ननि ने लम्बे समय से सड़क किनारे खड़े वाहनों पर नोटिस चस्पा करने एवं एक सप्ताह बाद जब्ती की कार्रवाई करने का निर्णय लिया है तथा इसके लिए बकायदा अधिसूचना भी जारी की है।

### भ्रामक पम्पलेट को लेकर पुलिस लोगों को कर रहा सतर्क

**राजपुर।** क्षेत्र में इन दिनों सार्वजनिक स्थानों पर लगाए जा रहे भ्रामक पम्पलेट को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क हो गया है। थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह ने लोगों से ऐसे फर्जी लोन ऑफर से बचने की सलाह दी है। थाना प्रभारी भारद्वाज सिंह के अनुसार बस स्टैंड के समीप एक पम्पलेट चस्पा किया गया पाया गया है, जिसमें मात्र 2 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर 1 लाख से 5 लाख तक का लोन बिना किसी फाइल चार्ज और गारंटी के उपलब्ध कराने का दावा किया गया है। पम्पलेट में दिए गए मोबाइल नंबर के माध्यम से संपर्क करने और क्यूआर कोड स्कैन कर राशि जमा करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## सैनिक स्कूल के कैडेटों का 10वीं परीक्षा में ऐतिहासिक प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सैनिक स्कूल के कैडेटोंनेकक्षा 10वीं की वार्षिक परीक्षा में उत्कृष्ट एवं ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुएविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष कुल 108 कैडेट परीक्षा मां सम्मिलित हुए, जिनमें से सभी कैडेट सफल रहे औरविद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विशेष रूप से 103 कैडेटोंने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कुल परिणामों में लगभग 95 प्रतिशत कैडेटों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। 51 प्रतिशत कैडेटों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए 44 प्रतिशत कैडेटों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए 3 प्रतिशत कैडेटों ने 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए केवल 2 कैडेट ने 50 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। कैडेट अक्षत कुमार ने 98.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बने।यह परिणाम विद्यालय के इतिहास का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है, जो विद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं अनुशासित शिक्षण व्यवस्था को दर्शाता है। इस महत्वपूर्ण उपलब्धि का श्रेय कैडेटों के कठिन परिश्रम, अभिभावकों के सतत सहयोग एवं मार्गदर्शन, विद्यालय के अध्यापकों की समर्पित मेहनत तथा उपप्राचार्य के प्रभावी मार्गदर्शन को जाता है।

### ओपीएस का सीबीएसई बोर्ड 10वीं परीक्षा में शानदार प्रदर्शन, 96.6 प्रतिशत अंक के साथ शौर्य बने टॉपर



केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई नई दिल्ली द्वारा घोषित दसवीं के परीक्षा परिणाम में ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया है। विद्यालय के अधिकांश विद्यार्थी इस परीक्षा में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। इस परीक्षा परिणाम में बतौली निवासी सूर्यकांत गुप्ता तथा रीना गप्ता के सुपुत्र शौर्य कुमार गुप्ता 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अव्वल रहे। इसी तरह गरिमा गायकवाड 94.8 प्रतिशत, अंश गुप्ता 94.4 प्रतिशत, अभिषेक सिंह 94.2 प्रतिशत, स्मृति सिंह चैहान 93.4 प्रतिशत, अक्ष पाठक 93.2 प्रतिशत, आयुष्मान वर्मा 93.2 प्रतिशत, प्रत्युषा द्विवेदी 92.8 प्रतिशत, शिवम पाण्डेय 92.8 प्रतिशत, देहली सिंह 92.6 प्रतिशत, कपिस सिंह 91.4 प्रतिशत, अंशिका ठाकुर 91.2 प्रतिशत, डोली अग्रवाल 91 प्रतिशत, अर्पिता पाल 90.8 प्रतिशत, समीर उद्दीन 90.6 प्रतिशत, सशवी यादव 90.6 प्रतिशत, अर्चित चैबे 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

### होलीक्रॉस सीनियर सेकेण्डरी स्कूल का परिणाम शत-प्रतिशत

सीबीएसई 10वीं बोर्ड की परीक्षा में होलीक्रॉस कान्वेंट सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ठ सफलता पाई है। विद्यालय के 293 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे तथा सभी अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए है। प्राचार्य डॉ.एसआर जेस्सी थेक्कन ने बताया कि विद्धयालय के पुश्कल सिंह ने 98.4 फीसदी अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह दूसरे स्थान पर अभिषेक सोनी ने 98 प्रतिशत, तीसरे स्थान पर साम्भवी सिंह एवं अराध्या गुप्ता ने 97.8 फीसदी, चौथे स्थान पर तृषा पटेल ने 97.6 फीसदी, पांचवे स्थान पर आरव श्रीवास्तव ने 97.4 फीसदी, छठवें स्थान पर जानवी पारधि ने 97.2 फीसदी, 7वें स्थान पर इति सिंह व आर्या साहू ने 97 फीसदी, आठवें स्थान पर दिव्यम शर्मा व अथर्व गर्ग ने 96.4 फीसदी अंक हासिल किया है।



### कार्मेल स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली द्वारा सत्र 2025-26 में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के कक्षा 10वीं के नतीजे घोषित किये गए। इसमें कार्मेल स्कूल का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस वर्ष कक्षा 10 वीं के कुल 276 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे। जो उत्तीर्ण रहे। जिसमें प्रथम स्थान ज्ञानशु तिवारी 98.2 प्रतिशत, द्वितीय स्थान शिविका अग्रवाल 98 प्रतिशत और तृतीय स्थान अमय शिव पाठक 97.4 प्रतिशत, सौम्या दीक्षित 97.2 प्रतिशत, देवांशी रॉय चटर्जी प्रतिशत, अन्वी अरविंद कुमार 96.8 प्रतिशत, प्रज्ञा तिर्की 96.2प्रतिशत, काशिवी इकबाल 96 प्रतिशत, अर्कदीप गुप्ता 954 प्रतिशत, हेमंत सिंह 95.4 प्रतिशत, पिहू सोनी 95 प्रतिशत, आयुष यादव 94.8 प्रतिशत, आस्था सिंह शोरी 94.8 प्रतिशत, स्वास्तिक मिश्रा 94.6प्रतिशत, शैरोन दास 94.6प्रतिशत, शाहर फातिमा 94.4प्रतिशत, अदिति पांडेय 94.2प्रतिशत, तनिष्क पटेल 93.8 प्रतिशत, आर्या जासवाल 93.4 प्रतिशत, तान्या पांडेय 93.2प्रतिशत, परिधि अग्रवाल 93 प्रतिशत,, आदित्य राज गुप्ता 92.8 प्रतिशत, श्रृष्टि यादव 92.6 प्रतिशत, प्राची गुप्ता 92.2 प्रतिशत, आयुषी कश्यम 92 प्रतिशत, विदिता सिन्हा 92 प्रतिशत, आशीष कुमार वर्मा 91.6 प्रतिशत, आयुषी कुजूर 91.6 प्रतिशत, काव्या सिंह ठाकुर 91.6 प्रतिशत, नैतिक कदम 91.8 प्रतिशत, आर्या नन्दनी 91.4 प्रतिशत, आर्यन सरकार 91.4 प्रतिशत, सुदीक्षा पांडेय 91.2 प्रतिशत, गौरांशी केशरी 91.2 प्रतिशत, प्रतीक गुप्ता 90.8 प्रतिशत, आर्यन विलियम कुजूर 90.8 प्रतिशत, आयुष्मान मिश्रा 90.8 प्रतिशत, अर्हम जैन 90.6 प्रतिशत, निदा सिद्दीकि 90.4 प्रतिशत एवं अक्षांश शर्मा 90.2 प्रतिशत अंक प्राप्त किए।

## सीबीएससी 10वीं बोर्ड परीक्षा में डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बिश्रामपुर।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई द्वारा बुधवार को घोषित किए गए कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा 2025-26 के परिणाम में डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया है।

- 26 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक अर्जित किए



विद्यालय का परिणाम शत-प्रतिशत रहा।प्राप्त जानकारी अनुसार विद्यालय के कुल 132 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 26 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। वहीं 33 विद्यार्थियों ने 80-89 प्रतिशत, 22 ने 70-79 प्रतिशत और 24 विद्यार्थियों ने 60-69 प्रतिशत के बीच अंक अर्जित किए हैं। विद्यालय में अनुज कुमार ने 98.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, अन्वेषा ने 98 प्रतिशत के साथ द्वितीय और कल्पना सिंह पैकरा ने 96.8 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अलावा शुभेंदु पाल 96.2 प्रतिशत, आराध्या शर्मा 95.6 प्रतिशत, ध्रुव दुबे 95.4 प्रतिशत, आयांशी गुप्ता 95.2 प्रतिशत, शांभवी यादव, आयुषी मित्तल व विवेक विश्वकर्मा 95 प्रतिशत, हर्षित यादव व सौम्या सिंह 94.8 प्रतिशत, अंतारिका पटनायक 94.6 प्रतिशत, तनिष्का यादव 94.4 प्रतिशत, शिखर भारत व सौम्या यादव 94.2 प्रतिशत, अथर्व दुबे 93.8 प्रतिशत, यशस्वी सोनी 93.2 प्रतिशत, अमन गर्ग 93 प्रतिशत, मृदु सिन्हा 92.4 प्रतिशत, प्राची राजपूत व सौम्या मिश्रा 92 प्रतिशत, आयुषी गुप्ता 91.2 प्रतिशत, अक्ष जायसवाल व जुनैद अहमद 90.6 प्रतिशत तथा शौर्य प्रताप सिंह 90.2 प्रतिशत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। साथ ही विषयवार संस्कृत में अंतारिका पटनायक, गणित (स्टैंडर्ड) में अनुज कुमार व सौम्या सिंह तथा सोशल साइंस में अन्वेषा, ध्रुव दुबे एवं अक्ष जायसवाल ने 100 में 100 अंक हासिल किए।

## केपीएस विद्यालय का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत




**कुसमी।** केपीएस विद्यालय के लिए अत्यंत गर्व एवं हर्ष का विषय है कि विद्यालय के कक्षा 10 वीं बैच ने वर्ष 2025/26 की बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम प्राप्त कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। विद्यालय के सभी विद्यार्थियों द्वारा बोर्ड परीक्षाओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करते हुए सफलता हासिल की है। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण भाव के साथ अध्ययन कराने एवं अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। विद्यालय प्रबंधन ने इस सफलता पर सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों को शुभकामनाएं दी है। विद्यालय के प्राचार्य ने बताया गया कि यह सफलता विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन एवं समग्र विकास की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में विद्यार्थियों ने लहराया परचम



**प्रतापपुर।** सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में अचीवर्स इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने सत्र 2025–26 में शानदार सफलता प्राप्त कर परचम लहराया है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए न केवल अपने माता-पिता बल्कि पूरे विद्यालय सहित प्रतापपुर का का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार यह सफलता विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन तथा अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। विद्यालय के अलीशा खान 92.2 प्रतिशत, श्रेया सिंह 90.8 प्रतिशत, साक्षी निधि खमारिहा 90.2 प्रतिशत, विकास यादव 89 प्रतिशत, आयुष कुमार गुप्ता 88.6 प्रतिशत, आदित्य वर्मा 85.6 प्रतिशत, सुनील यादव 81.8 प्रतिशत, कृष्णा गुप्ता 81 प्रतिशत, आलिया परवीन 80.8 प्रतिशत वहीं हलीमा अहमद नाज़ 73 प्रतिशत, नोवास लकड़ा 77 प्रतिशत, सुजीत कुमार पटेल 79.6 प्रतिशत, साइमा परवीन 70.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सराहनीय उपलब्धि हासिल की है।

### साधु राम विद्या मंदिर के विद्यार्थियों ने रचा सफलता का इतिहास



सूरजपुर। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। इस वर्ष साधु राम विद्या मंदिर विद्यालय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शत प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। विद्यालय के मेधावी छात्रों ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अपनी मेहनत और समर्पण का परिचय दिया। विद्यालय के हिमांशु यादव ने 93.20 प्रतिशत, वंशिका चौबे ने 92.80 प्रतिशत व अद्या अग्रवाल ने 91.20 प्रतिशत अंक हासिल किए। छात्रों की उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। विद्यालय के निदेशक डॉ. राहुल अग्रवाल, एसएमसी समिति के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय तथा उप-प्राचार्य दीन दयाल तिवारी ने कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के निरंतर सहयोग का प्रतिफल है।

### दसवीं बोर्ड परीक्षा में केंद्रीय विद्यालय का शानदार प्रदर्शन, परिणाम रहा शत-प्रतिशत



सीबीएसई द्वारा जारी कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय ने एक बार फिर उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि हासिल करते हुए कक्षा दसवीं का परिणाम शत-प्रतिशत दर्ज किया है। इस शानदार सफलता से विद्यालय परिवार में हर्ष और गौरव का वातावरण है। इस वर्ष कक्षा दसवीं में अध्ययनरत छात्र अभिषेक सोनी ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं नव्या जैन ने 94.60 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया तथा दीपिका रावतानी ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।


BRILLIANT PUBLIC SCHOOL
विद्या
तेषामादित्य वज्ज्ञानं प्रकाशयति तत्परम्
Wisdom for Universal Enlightenment
ESTD. 2001
Brilliant Public School
Igniting Wisdom
2001 25th 2025
BRILLIANT PUBLIC SCHOOL
Anniversary
SILVER JUBILEE
Success Is The Echo Of Diligence Reverberating Through The Halls Of Achievement
CBSE 10TH RESULT 2025-26
SNIGDHA MAJUMDAR 98.80%
GARGI GOSWAMI 98.60%
SHAURYA SAHU 98.40%
HARSHITA YADAV 97.60%
SIMRAN JIWNANI 97.20%
ANISHKA GUPTA 96.80%
ROUNAK SAHU 96.80%
SOUMIL SAHU 96.80%
HARSHEEN KAUR TUTEJA 96.60%
ARSH MISHRA 96.40%
NAITIK DAYALANI 96.00%
UTKARSH SINHA 96.00%
AADITA KAUSHIK 95.80%
ROSHNI MANGTANI 95.80%
AKSHAT SHRIVASTAVA 95.60%
DARSHNI GOSWAMI 94.40%
JASLEEN KAUR HORA 95.40%
PAVNI MISHRA 95.00%
SHREETI JAISWAL 95.00%
SHAMBHAVI SINGH 94.80%
AKSHAT PHULESAR 94.40%
DARSHNA TOLANI 94.40%
GARGI MISHRA 94.40%
AAHANA AGRAWAL 94.00%
AAKRITI SINGH 94.00%
ARADHYA KAUSHIK 94.00%
SHREYASH SHARMA 94.00%
VANSH NIKHAR 94.00%
SHAURYA NARAYAN PANDEY 93.80%
VAIDIK SONTHALIA 93.80%
VARTIKA DUBEY 93.40%
MAYANK RAGHAV 93.40%
ISHITA PRASAD 93.20%
NIMRIT KAUR HORA 93.00%
SPARSH GARG 93.00%
AKSHATA DWIVEDI 92.60%
DHANYA YASHSHAWI KSHATRIYA 92.60%
KANAK KUMBHARE 92.40%
NAVAL SINGH SALUJA 92.40%
AARUSH KUNWAR 92.20%
JIYA CHAWLA 92.20%
MAYANK BARMAN 92.20%
MIHIR KUMAR DUBEY 92.20%
AKSHIT RAJ 92.00%
ATHARV AZAD 92.00%
BHAVYA CHOPDA 91.80%
MANNAT CHANDNANI 91.40%
SOUMYA AGRAWAL 91.40%
NAIVEADYA SHARMA 91.20%
VEDARSH GARG 91.20%
AKSHITA DWIVEDI 91.00%
SHRINKHALLA ADHISHREE YADAV 91.00%
ADITI AGRAWAL 90.80%
VANSH HARYANI 90.60%
AMBAR SINGH 90.20%
ATHARVA KASHYAP 90.20%
P ISHITA 90.20%
TWINKLE NETAM 90.20%
& Many more....
90%+ 58 STUDENTS | 85-90% - 44 STUDENTS | 80-85% - 36 STUDENTS
BRILLIANT SALUTES ITS ANGELS.
ADMISSIONS OPEN FOR SESSION 2026-27
BILASPUR | KORBA | AMBIKAPUR | MUNGELI
OPENING SOON
AdPRAYAS

## खबर संक्षेप



### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में मनाया गया वार्षिकोत्सव

**रामानुजगंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 7 स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में वार्षिक उत्सव अंतर्गत पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने विद्यालय के सफल संचालन के लिए प्राचार्य राजीव कुमार सिन्हा की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चे शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, जो विद्यालय की गुणवत्ता को दर्शाता है। विद्यालय के प्राचार्य राजीव कुमार सिन्हा ने बताया कि वर्तमान में विद्यालय में कक्षा 6वीं से 12वीं तक कुल 343 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। यह एक आवासीय विद्यालय है, जिसकी स्थापना वर्ष 2019 में हुई थी। उन्होंने बताया कि विद्यालय का संचालन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दिशा-निर्देशों के अनुरूप किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के साथ-साथ विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान शैलेश गुप्ता, सीताराम गुप्ता, अश्वनी गुप्ता,विकास दुबे सहित अन्य उपस्थित रहे।

### भगवान परशुराम जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाने हुई बैठक



**रामानुजगंज।** प्राचीन शिव मंदिर में सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक ब्लॉक अध्यक्ष विकास दुबे की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में 19 अप्रैल को भगवान परशुराम जयंती को भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में बताया गया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर में भगवान परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों के सभी ब्राह्मण समाज के लोगों को भी आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे शिव मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना एवं हवन करते हुए किया जाएगा। इसके पश्चात वरिष्ठजनों एवं सफल छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। सुबह 9 बजे से बाइक रैली एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो पूरे नगर का भ्रमण कर पुनः शिव मंदिर पहुंचकर सम्पन्न होगी। कार्यक्रम का समापन पूरे नगर भ्रमण के बाद शिव मंदिर प्रांगण में पहुंचकर सभी लोग प्रसाद ग्रहण करते हुए करेंगे। आयोजन को सफल बनाने के लिए वरिष्ट सहित विभिन्न युवा पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में विपिन पाठक, मधुसूदन चौबे, प्रदीप चौबे, दिनेश चौबे, ऋषि द्विवेदी, दीपक दुबे, अशोक चौबे, श्याम कुशल पांडे, विकास दुबे, अनिल पांडे, जय चौबे, दिवाकर द्विवेदी, मनोज तिवारी, विनय पांडे, रमेश मिश्रा, विष्णु पांडे, उज्जवल तिवारी, वेद प्रकाश तिवारी, नितांत चौबे, दामोदर मिश्र, रितेश पांडे, आनंद मिश्रा, रोहित चौबे, लवकेश पांडेय, आकाश तिवारी, अर्पित तिवारी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## मानकों के विपरीत बोल्डर के सहारे कर रहे ढलाई

# पुलिया निर्माण में भारी गड़बड़ी,बेस में कंक्रीट की जगह भरे जा रहे पत्थर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

**खास बात**

- शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होने पर लोगों में आक्रोश

पुल पुलिया सहित अन्य निर्माण को मजबूती मिले और ज्यादा टिकाऊ हो इसके लिए हमेशा नींव की मजबूती पर विशेष ध्यान दिया जाता है। ऐसे में अगर नींव ही कमजोर हो तो पुल पुलिया कितना मजबूत होगा यह आसानी से समझा जा सकता है। कुछ इस तरह की स्थिति ग्राम कौशलपुर भैसामुडा की है जहां ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानी तथा लंबे समय से की जा रही मांग पर ग्राम कौशलपुर में पुलिया निर्माण स्वीकृत हुई। हैरानी की बात यह है कि लाखों की लागत से पुलिया निर्माण शुरू किया गया लेकिन गुणवत्ता का ध्यान ही नहीं है। आलम यह है कि पुलिया के बेस निर्माण में ही भारी लापरवाही बरती जा रही है। कंक्राट की जगह बेस की ढलाई बड़े बडे पत्थरों से की जा रही है। पुलिया निर्माण मानक अनुरूप नहीं होने पर लोगों में काफी आक्रोश है।

जिले के रामानुजनगर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम कौशलपुर भैसामुडा में लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित की जा रही पुलिया वर्तमान में भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा केंद्र बन चुकी है। पुलिया के सबसे महत्वपूर्ण हिस्से यानी बेस के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। पुलिया के बेस में जहां निर्धारित ग्रेड का कंक्रीट होना चाहिए वहां बोल्डर डालकर खानापूर्ति की जा रही है। यह न केवल तकनीकी रूप से गलत है बल्कि पुलिया की उम्र को घटाने का काम कर रहे है। हैरानी की बात तो यह है कि पुलिया निर्माण शुरू हुए काफी दिन हो चुके है बावजूद इसके संबंधित विभाग द्वारा न तो पुलिया निर्माण की गुणवत्ता का जायजा लिया और न ही निर्माण को लेकर गंभीर है। ऐसे में ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से निर्माण किया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि घटिया पुलिया निर्माण को लेकर क्षेत्र के लोगों ने संबंधित अधिकारी से शिकायत की। इसके बाद भी पुलिया निर्माण की गुणवत्ता की जांच करना उचित नहीं समझे जिससे ठेकेदार के हौसले और भी बुलंद हो गए है। इधर घटिया निर्माण की जानकारी लगने पर जब जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी अविनाश साहू ने निरीक्षण के दौरान तो साक्ष्यों के साथ पाया कि पुलिया के सबसे महत्वपूर्ण हिस्से यानी बेस के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने तथ्यों को उजागर करते हुए बताया कि बेस में जहा निर्धारित ग्रेड का कंक्रीट मिक्स होना चाहिए, वहाँ ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से बड़े-बड़े पत्थर भरकर खानापूर्ति की जा रही है।



निरीक्षण करते कांग्रेस मीडिया प्रभारी, इनसेट में पत्थर डालते जेसीबी।

### सीमेंट की मात्रा कम

पुलिया के बेस ढलाई में मानक अनुरूप सीमेंट की मात्रा अधिक होनी चाहिए जिससे बेस मजबूत हो। लेकिन मापदंड के ठीक विपरीत ढलाई के नाम पर सीमेंट को पूरी तरह दरकिनार कर दिया गया है। मुरुम और बालू के मिश्रण से बेस तैयार किया जा रहा है, जिसमें पकड़ नाम की कुछ नहीं है। इसके अलावा बेस निर्माण एक निर्धारित गहराई से की जाती है लेकिन गहराई को भी कम किया है। ऐसे में जिस तरह से पुलिया का बेस निर्माण हो रहा है वह पहली ही बारिश के बहाव को झेलने में पूरी तरह अक्षम सिद्ध होगा।

### आंदोलन की चेतावनी

अविनाश साहू ने निरीक्षण के दौरान ही कलेक्टर, लोक निर्माण विभाग अधीक्षक, अभियंता और कार्यपालन अभियंता को दूरभाष पर पुलिया निर्माण में गुणवत्ता के विपरीत निर्माण करने पर आपत्ति दर्ज कराई। साथ ही वर्तमान बोल्डर युक्त बेस को तुरंत ध्वस्त करने, उच्च स्तरीय तकनीकी टीम द्वारा लैब टेस्ट कराने तथा दोषी इंजीनियरों और ब्लैक लिस्टेड होने योग्य ठेकेदार पर एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग की। साथ ही चेतावनी दी कि यदि प्रशासन 24 घंटे के भीतर सकारात्मक रूख नहीं दियाया तो जिला कांग्रेस कमेटी उग्र जन आंदोलन करेंगी।

### ठेकेदार की लापरवाही

पुलिया निर्माण के बेस में गड़बड़ी है तो यह ठेकेदार की लापरवाही है। ठेकेदार ने अपने इंजीनियर को भेज कार्य शुरू करवा दिया है। मै अभी बाहर हूं आने के बाद मौके पर जाकर निरीक्षण करूंगा।

-सुरेश मिश्रा, एसडीओ पीडब्ल्यूडी



## गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के तहत विभिन्न ग्रामों में लगाया गया जन चौपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम के मार्गदर्शन में गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के तहत विभिन्न ग्रामों में जन चौपाल कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं, सुझावों और अपेक्षाओं को जाना गया तथा विकास योजनाओं की जानकारी दी गई।

अभियान के तहत ग्राम मरमा और ग्राम पंचायत आरागाही में आयोजित जन चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता देखने को मिली। दोनों कार्यक्रमों में कृषि मंत्री राम विचार नेताम उपस्थिति रहे। इस अवसर पर बुजुर्गों का सम्मान भी किया गया रामानुजगंज मंडल अंतर्गत कमलपुर में भी जन चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया गया। इस दौरान केंद्र में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार और राज्य में विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित योजनाओं प्रधानमंत्री आवास योजना और महतारी वंदन योजना की जानकारी दी गई। साथ ही योजनाओं के लाभार्थियों का सम्मान किया गया। कमलपुर में आयोजित कार्यक्रम में भानु प्रकाश दीक्षित, अपर्णा दीक्षित, सीताराम गुप्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता अभियान भी चलाया गया और सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर मंत्री राम विचार नेताम ने कहा कि गांवों का विकास ही देश के समग्र विकास की आधार शिला है। सरकार की योजनाओं का वास्तविक लाभ तभी संभव है, जब हम अंतिम व्यक्ति तक पहुंचकर उनकी समस्याओं को समझें और समाधान सुनिश्चित करें। गांव चलो, बस्ती चलो अभियान इसी सोच का परिणाम है, जो जनभागीदारी के माध्यम से सशक्त और आत्मनिर्भर गांवों के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं जिला पंचायत के सभापति बद्री यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## जिला प्रशिक्षण शिक्षण संस्थान यथावत रखने की मांग, विधायक ने सीएम व शिक्षा मंत्री को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी



सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान का संचालन विकासखंड में ही करने के लिए सीएम विष्णुदेव साय एवं शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव को पत्र लिखकर मांग की है। डाइट संचालन शासन के आदेश विरुद्ध कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बलरामपुर में संचालित किया जा रहा है। स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण से शिक्षण कार्यों पर सकारात्मक प्रभाव और शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने एवं शिक्षकों की परेशानियों को कम करने की दिशा में विधायक की पहल एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को लिखे पत्र में विधायक उद्धेश्वरी पैकरा ने बताया है कि विधानसभा सामरी अंतर्गत विकासखण्ड शिक्षक प्रशिक्षण केन्द्र कुसमी का उन्नयन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में किया गया है। उक्त संस्थान का भवन भी पूर्ण हो चुका है। परन्तु जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान का संचालन कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी बलरामपुर में संचालित किया जा रहा है, जो शासन के आदेश की अवहेलना है।

शासन के आदेशानुसार जिला शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान जिसका भवन कुसमी में करोड़ों रुपए की लागत से बनकर तैयार है, इस प्रशिक्षण संस्थान का संचालन विकासखण्ड कुसमी में ही किया जाना उचित एवं न्यायसंगत होगा। सामरी विधायक ने शासन से आदेशित स्थल विकासखंड कुसमी में ही डाइट का संचालन किए जाने की मांग की है। स्थानीय स्तर पर डाइट संचालित करने से जिला मुख्यालय या दूरदराज के केंद्रों पर जाने से होने वाली असुविधा से शिक्षकों और कर्मचारियों को काफी असुविधा होगी। वहीं स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण संस्थान संचालित किए जाने से सीधे शिक्षण कार्यों पर सकारात्मक प्रभाव और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण मिलेगा। विधायक का यह कदम शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के साथ साथ शिक्षकों की परेशानियों को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं सराहनीय पहल माना जा रहा है।



### अग्रवाल सभा की हुई बैठक, बंशीधर उर्फ रिंकू अग्रवाल बने अध्यक्ष

**राजपुर।** अग्रवाल सभा की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज के वरिष्ठ एवं सदस्यों के साथ बैठक कर संगठन के नए अध्यक्ष का चयन करना था। चर्चा एवं विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से बंशीधर उर्फ रिंकू अग्रवाल को अग्रवाल सभा राजपुर का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया। उनके नाम का प्रस्ताव पारित होते ही उपस्थित सदस्यों ने उनका स्वागत एवं समर्थन किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रिंकू अग्रवाल ने कहा कि वे समाज की एकता, सहयोग और समग्र विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। इस दौरान संरक्षक गौरी शंकर अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, कृष्ण कुमार अग्रवाल, लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, सुरेश गर्ग, पूर्व अध्यक्ष दीपक मित्तल, श्रवण अग्रवाल, राजेश बंसल, मामन चंद्र अग्रवाल, शंकर अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, राहुल बंसल, अंकुश अग्रवाल, सीटू गर्ग, संदीप अग्रवाल, नितेश अग्रवाल सहित समाज के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।




TOP IN SURGUJA

ASHISH
COACHING CLASSES AMBIKAPUR
ADMISSION OPEN FOR ENTRANCE EXAM PREPARATION 2027
SAINIK | NAVODAYA | CLASS 1-10
सैनिक स्कूल एवं नवोदय विद्यालय हेतु प्रवेश प्रारम्भ! 2027 | स्कूल कोचिंग क्लास 1-10
Near Panchsheel Hotel,SBI Collectorate Road,Ghadi Chowk Ambikapur (C.G.) 9009851591

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
- फ्रैक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
- उठने बैठने में तकलीफ
- जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
- घुटनों में सूजन होना
- कंधे की ताकत कम होना
- कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
- सुबह जोड़ों में अकड़न होना
- चलने फिरने में दर्द

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल मे
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

UGC, DEB एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त MATS UNIVERSITY (MCDOE) रायपुर का एकमात्र अधिकृत केंद्र
VC INSTITUTE
A COMPLETE CAREER SOLUTION
शिक्षकों एवं सरकारी कर्मचारियों की पदोन्नति तथा पढ़ाई छोड़ चुके छात्रों के लिए दूरवर्ती शिक्षा के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ...
स्नातकोत्तर (PG) कोर्सेस: M.Sc (Chemistry, Maths), M.A (English, Education, हिन्दी), M.Com, MSW, M.Lib, MBA, MCA, B.Lib, PGDCA
स्नातक (UG) कोर्सेस: B.Sc (ZBC), B.A, B.Com BCA, BBA, DCA
P.HD ENTRANCE EXAM के लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं
पता: आकाशवाणी चौक, अशोका रेस्टोरेंट (पुराना रोजगार कार्यालय) के बगल वाली गली, अंबिकापुर, सरगुजा
संपर्क: 7222980129, 9479235154

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### जिला खनिज संस्थान न्यास शासी परिषद की बैठक 24 को

**अम्बिकापुर**। कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में शासी परिषद की बैठक 18 अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई थी। बैठक में आंशिक संशोधन किया गया, अब यह बैठक 24 अप्रैल को पूर्वाह्न 11 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

## निधन

### मो. जब्बार

**सीतापुर**। नगर के महामाया वार्ड क्रमांक 10 निवासी मो. जब्बार का 63 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ्य चल रहे थे। वे अपने पीछे पत्नी, पुत्र, पोते समेत भरापूरा परिवार छोड़ गए । उनका अंतिम संस्कार ग्राम चलता स्थित कब्रिस्तान में किया गया।जहां मौजूद लोगों ने उन्हे मिट्टी देते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।



### पेट्रोल पंपों पर लगी वाहनों की लंबी कतार

# नगर में बढ़ने लगी पेट्रोल-डीजल एवं गैस की किल्लत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

खाड़ी देशों में जारी युद्ध के कारण अंतर्राष्ट्रीय तेल आपूर्ति बाधित होने से ईंधन की किल्लत बढ़ गई है, जिसका असर अब नगर सहित आसपास के पेट्रोल पंप एवं एलपीजी गैस वितरण केंद्रों पर देखने को मिल रहा है। वाहनों में ईंधन डलवाने पेट्रोल पंपों पर लोगों की लंबी कतार लगने लगी है। पेट्रोल डीजल की कमी से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

**खास बात**

- क्षेत्र के दो-तीन पेट्रोल पम्प हो गए हैं ड्राई

विदित हो कि विगत लंबे समय से खाड़ी देशों में वर्चस्व को लेकर चल रहे युद्ध की वजह से नगर सहित आसपास क्षेत्र में ईंधन संकट गहराने लगा है। कई देशों के आपसी युद्ध के कारण अंतर्राष्ट्रीय तेल आपूर्ति बाधित होने से नगर के पेट्रोल पंपों में ईंधन की किल्लत होना शुरू हो गया है। ऐसे में नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मौजूद पेट्रोल पंपों में ड्राई की स्थिति निर्मित होने लगी है। ऐसे में अब वाहनों में ईंधन डलवाने के लिए पेट्रोल पंपों में वाहनों की लंबी कतार देखी जा रही है। लोग लाइन में लगकर वाहनों में ईंधन डलवाने के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। ईंधन की किल्लत एवं लोगों की भारी भीड़ देखते हुए पेट्रोल पंप के संचालकों ने वैकल्पिक व्यवस्था के तहत वाहनों में ईंधन उपलब्ध करा रहे हैं, ताकि इस विषम परिस्थिति में लोगों को मुश्किलों का सामना करना न पड़े। ईंधन की किल्लत का सबसे ज्यादा असर सवारी गाड़ी एवं लंबी दूरी तय करने वाले मालवाहक वाहनों पर पड़ रहा है। ईंधन के अभाव में जहां लंबी दूरी तय करने वाले मालवाहक वाहनो के पहिए थम चुके है। वही सवारी गाड़ी ईंधन की किल्लत बता सवारियों से मनमाना किराया वसूलने लगे है। आलम यह है कि लोगों को जहां किराये के रूप में सवारी गाड़ी को सौ रुपये देने पड़ते थे वहां अब डेढ़ सौ रुपये देने पड़ रहे है। ईंधन की किल्लत का असर शादी विवाह पर भी पड़ने लगा है। बारात एवं अन्य कार्यक्रमों के लिए लोगों के जेब पर बोझ बढ़ गया है। पहले की अपेक्षा अब उन्हें बुकिंग के नाम पर सवारी गाड़ी वालो को मुंहमांगी कीमत देनी पड़ रही है।




पेट्रोल पम्प में लोगों की भीड़।

### गैस सिलेंडर बुकिंग के लिए लंबी कतारे

वाहनों की तरह हाल एलपीजी गैस सिलेंडर की भी है। लोगों को गैस सिलेंडर की बुकिंग के लिए लंबी लाइन लगानी पड़ रही है। समय सीमा 45 दिनो का होने के कारण लोग पेट्रोल डीजल के साथ घरेलू गैस सिलेंडर की किल्लतों का भी सामना कर रहे है। घरेलू गैस सिलेंडर की कमी की वजह से लोग इलेक्ट्रानिक व डीजल चूल्हा का उपयोग करने लग गए थे। लेकिन अब डीजल की किल्लत से इस पर संकट के बादल छा गए है। खाड़ी देशों में मचे घमासान के चलते आने वाले दिनों में ईंधन की किल्लत और बढ़ सकती है ऐसी संभावना जताई जा रही है।

### ईंधन की नहीं कोई किल्लत

ईंधन की कही कोई किल्लत नही है।जहां से ईंधन सभी पेट्रोल पंपों को डिस्ट्रीब्यूट होता है वहां के कर्मचारियों ने हड़ताल कर दी है, जिसकी वजह से पेट्रोल पंपों में ऐसी स्थिति निर्मित हुई है। एक दो दिनों में हालात सामान्य हो जाएंगे।

**-रामसिंह ठाकुर**, एसडीएम

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा 6वीं प्रवेश परीक्षा के परिणाम जारी

**अम्बिकापुर**। आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि शिक्षण सत्र 2026-27 में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित कर विभिन्न जिला मुख्यालयों में 1 मार्च को प्राक्चयन परीक्षा आयोजित की गई थी। प्रवेश परीक्षा परिणाम की जिलेवार सूची का अवलोकन विभागीय वेबसाइट https://eklavya.cg.nic.in पर किया जा सकता है। परीक्षा परिणाम के संबंध में किसी प्रकार की असुविधा होने पर अपने नजदीकी एकलव्य विद्यालय या ई-मेल आई.डी.- cgemrs.admission2627@gmail.com पर आवेदन क्रमांक और अपनी समस्या का विवरण डालकर समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# साड़ी घोटाले को लेकर महिला कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए साड़ी वितरण में हुई अनियमितताओं को लेकर सियासत गरमा गई है। महिला कांग्रेस ने इस मामले को साड़ी घोटाला करार देते हुए मोर्चा खोल दिया है छत्तीसगढ़ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को साड़ी वितरण में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है अग्रसेन चौक पर महिला कांग्रेस ने उग्र विरोध प्रदर्शन किया और महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के विरूद्ध जमकर नारेबाजी की। महिला कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष आनंद कुंवर एवं महिला कांग्रेस शहरी जिलाध्यक्ष दीप्ति स्वाई के संयुक्त नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन और नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्षों ने आरोप लगाए है कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दी गई साड़ियों का स्तर बेहद निम्न है जो वितरण के मानकों के विपरीत है। साड़ी सप्लाई के ठेके और खरीद प्रक्रिया में बड़े स्तर पर कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार के दावे किए गए हैं। महिला कांग्रेस ने इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषियों पर कड़ी कार्रवा ई किए जाने की मांग की है। इस दौरान अश्विनी सिंह, मनोज डालमिया,जफर हैदर, कुसुमलता राजवाड़े, मनोज अग्रवाल, विष्णु कसेरा, आकाश साहू, विमला सिंह मरावी, भावना सिंह नेताम ,प्रदीप साहू,वीणा शर्मा,अंजना दास, लक्ष्मण कसेरा, सुनीता खाखा, मानमती राजवाड़े, मालती तिग्गा, उर्मिला केरकेट्टा, लक्ष्मी यादव, कमला यादव, तुलसी सिंह, सुल्ताना जरीना, गीता सिंह, बबिता गुप्ता, श्याम बाई, नगेशिया, लिल्ली राजवाड़े, राजेश साहू, लिवनेश सिंह, शिवम साहू, रामचन्द्र राजवाड़े, सुमंत राजवाड़े, नितेश सिंह एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।



विरोध प्रदर्शन करते महिला कांग्रेस पदाधिकारी-कार्यकर्ता।







